गई थी वह तकरीबन 9 घंटे बनती है तो मोहकमे की तरफ से किस ने मिसलीड किया है, वह कौन-सा अधिकारी है डिपार्टमेन्ट का जिसने हाउस को मिसलीड किया है? इस बात की इंक्वायरी होनी चाहिए।

श्री उमाशंकर दीक्षित : इसमें कोई गलत खबर नहीं दी गई है। उस तारीख को, 14 या 15 तारीख को जो हालत थी उसकी बिना पर बताया गया था। उसमें लिखा था कि मेन्स में जितना पानी होता है उसके अधीन सप्लाई दी जाती है। असल में यह काफी बदलता रहता है। जब गर्मी का मौसम आता है तो पानी भी मेन्स में कम होता है और खर्चा भी ज्यादा होता है। उसके हिसाब से हमने फीगर्स निकलवाई है, उसमें 8 घंटे 37 मिनट और 8 घंटे 55 मिनट 15-2-72 से 14-3-72 तक, फिर 15 मार्च से 14 अप्रैल तक 6 घंटे 23 मिनट और 15-4-72 से 14-5-72 तक 5 घंटे 30 मिनट। यहां तक कि कम से कम 4 घंटे 11 मिनट तक हो जाता है लेकिन उसके बाद 15 जुलाई से फिर 5 घंटे 5 मिनट हुआ है। तो यह पानी के हिसाब से घटता बढ़ता रहता है। इसमें जानबूझ कर कोई गलत खबर देने की कोशिश नहीं की गई है।

श्री सतपाल कपूर : क्या मन्त्री जी बता सकेंगे कि खास तौर पर इस एरिया में और सारी दिल्ली में जो पानी की दिक्कत है वह कितने साल में दूर की जा सकती है?

श्री उमाशंकर दीक्षित : सारे शहर के लिए तो कहना बहुत मुश्किल है लेकिन इस एरिया में हमने एक और अन्डरग्राउन्ड टैंक 30 हजार गैलन का बढ़ाया है, पहले 30 हजार का एक था। एक ओवरहैड टैंक 40 हजार का बढ़ाया है। इससे इस एरिया में पानी की आगे जरूर सुविधा होगी। लेकिन जहां तक सारी दिल्ली और नयी दिल्ली का सम्बन्ध है, मुख्तलिफ टाइम पर मुख्तलिफ किस्म की मेन्स बनी हैं लेकिन जबसे मास्टर प्लान बना है तबसे एक तरीके से काम चल रहा है। हम यहां के लिए सोच रहे हैं और दूसरी जगहों के लिए भी कि ट्यूबवेल्स लगाए जायें और उसकी स्कीम बना रहे हैं।

## HOUSES FOR ECONOMICALLY WEAKER SECTION IN GUJARAT

*2. SHRI PRABHUDAS PATEL:
SHRI GIRIDHAR GOMANGO:

Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) whether leading architects have offered to contribute their services for providing houses for the economically weaker section in Gujarat at the cost of Rs. 1500 to 3500 per tenement; and

(b) if so, whether the Planning Commission and Housing and Urban Development Corporation have agreed to help and extend the experiment to other States?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI UMA SHANKAR DIKSHIT): (a) Yes sir.

Leading Architects from the country were invited to attend the work-shop on low cost housing sponsored by Gujarat Housing Board at Baroda in June, 1972. They discussed the question of evolving suitable designs for low cost housing. Thereafter a panel of 7 architects has been appointed to go into the matter further. Each architect has been assigned a city. The architects have been shown the land in each city. It is proposed to cover 7 cities having a population exceeding 1 lakh, the cities being Ahemdabad, Baroda, Nadiad, Rajkot, Surat, Jamnagar and Bhavnagar. The panel is yet to submit the designs and the report.

(b) As the report of the panel is yet to be received by the Government of Gujarat, the question does not arise.

SHRI PRABHUDAS PATEL: May I know from the hon. Minister as to what are the other States of the country which have followed the example of Gujarat State in this matter?

SHRI UMA SHANKAR DIKSHIT: After we get the report and designs, the Ministry will examine these things. If

the cost is lower, if the designs are better, certainly, we shall adopt them in other States in cooperation with the States concerned, because, this work will have to be done in the States.

SHRI PRABHUDAS PATEL : Rs. 200 crores of fund has been provided to build houses for the weaker sections of our society. Now, as the State Governments have no funds at their disposal, will the Central Government think of providing funds from their revolving Fund of Rs. 200 crores?

SHRI UMA SHANKAR DIKSHIT : This revolving fund is about Rs. 50 crores or so and it will go on revolving and increasing and it will take a long time to become Rs. 200 crores. Under the Fourth Plan, already this Fund has been increased by about Rs. 30 crores. I think in the next Plan, the budgetary provision would be larger. But, after all, the responsibility for housing must continue to rest with the States. The main responsibility is theirs.

SHRI GIRIDHAR GOMANGO : Will the hon. Minister enlighten whether such facilities are being extended to Orissa? If so the provisions in respect of Central Aid may also be stated by the hon. Minister.

SHRI UMA SHANKAR DIKSHIT: All the States are being treated on an equal footing. Of course, Orissa State will also be considered.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : While evolving the scheme to provide cheaper houses for the weaker sections of our society, may I know, Sir, whether Government will also keep in view the availability of local materials which are already available, and whether they will make use of them to suit the local conditions, in the light of the experience we had regarding the prefabricated housing scheme.

SHRI UMA SHANKAR DIKSHIT : Locally available building materials should be used in preference to cement and steel and such other materials which do not reach in time due to transport and other difficulties. The attention of the State Governments has been drawn to this aspect. So far as the Central Government is concerned, we are also considering that. But I may state for the information of the hon. Member that even in respect of the manufacture of bricks, sometimes, difficulties are being experienced.

श्री हुकम चन्द कछवाय : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि यह जो कम कीमत के मकान बनाने की योजना है इस सम्बन्ध में क्या इस बात का सर्वे किया गया है कि सारे देश में कितने मकानों की आवश्यकता है और उनको बनाने में कम से कम कितना पैसा लगेगा? क्या एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में मकान बनाने का सरकार का इरादा है तथा यह कार्य कब से आरम्भ कर दिया जायेगा?

श्री उमाशंकर दीक्षित : श्रीमन्, प्रारम्भ तो बहुत पहले से है। अब भी काम चल रहा है। क़रीब 9 करोड़ के फ्लैट्स या रैज़ीडेंशियल यूनिट्स की जरूरत होगी। लेकिन आज का यह अनुमान है जो कि यह बढ़ भी सकता है आगे। किस तेज़ी से हम मकान आगे बना सकेंगे उस के आधार पर ही यह कहा जा सकता है कि यह काम कितने समय में पूरा हो जायेगा? इसलिए अभी भविष्य की कल्पना निश्चित रूप से बताना हमारे लिए सम्भव नहीं है।

श्री हुकम चन्द कछवाय : यह कम क़ीमत अथवा लागत के जो मकान बन रहे हैं तो वह कितनी क़ीमत के बनायेंगे?

श्री उमाशंकर दीक्षित : शहर में यह कम लागत वाले कोई 10,000 रुपये के बनेंगे जबकि गांव और छोटी जगहों में कोई 3,000 के बनेंगे।

## SYSTEM OF PURCHASE OF PULSES ETC. BY FOOD CORPORATION OF INDIA

*3. DR. SARADISH ROY : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether the Food Corporation of India followed the practice of not bidding